# RAF SECTOR
# NEWS CLIP
## 13/04/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Khabar Mantra, Lohardagga,(Jkd)**

# रामनवमी जुलूस पर परथाव: लोहरदगा में स्थिति सामान्य, बंद रही दुकानें

## पुलिस के आलाधिकारी किये हुए हैं कैंप

खबर मंत्र सवांददाता

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के हिरही गांव में रविवार रामनवमी जुलूस में पथराव के बाद उत्पन्न हिंसा के हालात में सुधार हो रहा है ।पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के आला अधिकारी लगातार स्थिति में पैनी नजर बनाए हुए है ।सीआइडी डीआईजी सुनील भास्करएएसपी सीआइडी कार्तिक एस के अलावे जिले के डीसी एसपी सहित कई अधिकारी लगातार उस क्षेत्र में कैम्प कर स्तिथि को सामान्य बनाने में जुटे है ।विदित हो कि रविवार को हिरही शिव टोली में रामनवमी जुलूस तय रूट के अनुसार पारंपरिक रूप से भोगता बगीचा में लगे मेला की ओर बढ़ रहे थे इसी दौरान हिरही कबरिस्तान के पास अचानक एक पक्ष ने बजा नही बजाने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया साथ ही पथराव किया जिससे जुलूस में भगदड़ मच गई। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।सभी घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया ।जिनमें से चार लोगों को स्तिथि काफी गम्भीर देखते हुए रिम्स रेफर किया गया है। रिम्स रेफर में भोला सिंहएमनोहर साहूएनागेस्वर पांडेए सामिल है।उपद्रवियों ने भोगताबगीचा मेला स्थल भी पहुँचकर वहां रखे 10 से अधिक बाइक, एक पिक अप वैनएसहित कई ठेला को भी आगे के हवाले कर दिया था।इसके बाद से पुलिस कैंप की हुई है।



लोहरदगा में फ्लैग मार्च करते रैफ के जवान।

## धारा 144 लागू, जुलूस, सभा पर रोक

**लोहरदगा।** हिरही गांव में रामनवमी शोभा यात्रा में पथराव आगजनी और झड़प के बाद जिला प्रशासन ने हिरहीए हेंदलासोए कुजरा और संबद्ध गांवों में धारा 144 लागू कर दी है। लोहरदगा के सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने देर शाम इस संबंध में निषेधाज्ञा जारी की है। एक स्थान पर पांच से अधिक लोगों के जमावड़ेए लाठी सहित किसी भी तरह का हथियार लेकर निकलने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। सभी तरह के धार्मिक सभाए धार्मिक अनुष्ठान और धार्मिक जुलूस के लिए जो आदेश दिए गए थेए उसे तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए रद्द कर दिया गया है।

## लोहरदगा हिंसा में चंदवा के युवक की मौत, मुआवजे की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार जिले के चंदवा से सटे लोहरदगा जिला के कुजरा हिरही में रामनवमी के दौरान रविवार की देर शाम हुए पथराव व आगजनी की घटना के बाद भड़की हिंसा का शिकार चंदवा का एक व्यक्ति हो गया। मृतक की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के बोदा गाव निवासी अमान अंसारी, पिता सलामत अंसारी (35 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि उसके साथ गए वसीम अंसारी पिता मनान अंसारी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी सहिना परवीन ने बताया कि मेरे पति किसी काम से लोहरदगा गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर हमलोगों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में सूचना मिली कि लोहरदगा जिले के कुजरा ग्राम से हिंसा के बाद घायलावस्था में अमान और वसीम को रांची ले जाया गया है जहाँ रास्ते में ही अमान की मौत हो गयी। जबकि घायल वसीम का इलाज रिम्स में चल रहा है।

### मृतक के घर पहुंचे एसडीओ और डीएसपी

सूचना के बाद एसडीओ शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष मिश्र, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सोमवार की दोपहर बोदा गांव पहुंचे व मृतक अमान अंसारी के परिजनों से मुलाकात की। घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों का ढांढस बंधाया। इधर घटना के बाद ऐतियातन प्रशासन द्वारा पूरे गांव को छावनी में बदल दिया गया है। खबर लिखे जाने तक मृतक का शव गांव नहीं पहुंचा था।

**Rajasthan Patrika, Ahmedabad,(Guj)**

# हिम्मतनगर में 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी

# आरएएफ की दो कंपनियां तैनात

**साबरकांठा** जिला मुख्यालय हिम्मतनगर में आरएएफ की दो कंपनियों को तैनात किया गया है। साथ ही पुलिस के में एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। आरएएफ जवानों ने शहर के छापरिया इलाके में फ्लैग मार्च भी किया। इसके साथ ा तैनात किया गया है। शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई है। रेंज आईजी अभय चुडास्मा के मुताबिक पथराव की घटना को लेकर 3 अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। 30 से ज्यादा आरोपियों को राउंड अप किया गया है। हिम्मतनगर के ए डिवीजन में 700 लोगों के खिलाफ दो शिकायतें और बी डिवीजन थाने में 150 से ज्यादा लोगों की भीड़ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित व अन्य कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



हिम्मतनगर के छापरिया इलाके में सोमवार को फ्लैग मार्च करते आरएएफ जवान।



हिम्मतनगर में गश्त करती पुलिस

# Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF





SP Bhadrak (odisha) felicitating RAF officers after Ramnavmi duty-2022

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**